# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, नरेन्द्रनगर।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CONST. DIVISION, P.W.D., NARENDRA NAGAR

Phone & Fax 01378-227229 E-mail.-eepwdnarendranagar@ymail.com


पत्रांक 761/12A दिनांक 06/05/2024

सेवा में,

अधीक्षण अभियन्ता,
8वॉं वृत्त लो0नि0वि0,
नई टिहरी।

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2024–25 में अनुदान संख्या–54लेखाशीर्षक–5054-04-337-03-04-54 (एन0पी0वी0) हेतु धनावंटन के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– **अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्द्रिानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड देहरादून का पत्रांक–1277/12–1 दिनांक 03.01.2024 एवं कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती के पत्रांक– 2609/12–1 दिनांक 18.03.2024**

महोदय,

जनपद टिहरी गढ़वाल के आमसारी–हाडीसेरा तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 1.295 हे0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यवर्तन की सैद्धान्तिक स्वीकृति भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्रांक–8बी0/यू0सी0पी0/06/101/2017/एफ0सी0/401 दिनांक 29.05.2018 के द्वारा प्राप्त हुई थी, जिसकी अनुपालन आख्या इस कार्यालय के पत्रांक–569/6एम0जी0 दिनांक 29.05.2020 द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती को प्रेषित कर दी गयी थी। प्रस्ताव पर वर्तमान तक विधिवत स्वीकृति अप्राप्त है। अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्द्रिानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड देहरादून एवं प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती के उपरोक्त सन्दर्भित पत्रों द्वारा संशोधित नई दरों पर अवशेष एन0पी0बी0 की धनराशि हेतु ₹ 5,79,966.00 की मांग की गयी है (पत्र संलग्न)। अतः आपसे अनुरोध है कि, **वित्तीय वर्ष 2024–25 में अनुदान संख्या–54 लेखाशीर्षक–5054-04-337-03-04-54** के अन्तर्गत आमसारी–हाडीसेरा मोटर मार्ग हेतु 1.295 हे0 (अवशेष एन0पी0वी0) हेतु खण्ड को ₹ 5,79,966.00 का धनावंटन निर्गत करने हेतु अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नकः–** उपरोक्तानुसार।

(इं0 विजय कुमार मौर्या),
अधिशासी अभियन्ता।
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, नरेन्द्रनगर।

पत्रांक 761/12A तददिनांक

**अग्रिम प्रतिलिपि**–प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष महोदय, ''बजट प्रकोष्ठ'' लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड, देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि, उपरोक्तानुसार सुसंगत मद में खण्ड को ₹ 5,79,966.00 का धनावंटन निर्गत करने की कृपा करें।

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियन्ता ''नियोजन–III'' लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड, देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियन्ता महोदय, लो0नि0वि0, पौड़ी को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता।
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, नरेन्द्रनगर।

Scanned with OKEN Scanner

# ...लय प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती

E-mail: dfonnagar-forest-uk@nic.in Telefax- 0135-2442052

पत्रांक सं0: 2609 / 12–1 दिनांक 18 / 03 /2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड,
लो0नि0वि0, नरेन्द्रनगर।

343
CMW
26/3/24

विषय :– जनपद–टिहरी गढवाल के आमसारी हाडीसेरा तक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 1.295 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव संख्या– FP/UK/ROAD/25189/2017) ।

सन्दर्भ:– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक–1277 / 12–1, दिनांक 03.01.2024 ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से प्रकरण में भारत सरकार के पत्र दिनांक 06.01.2022 के द्वारा निर्धारित एन0पी0वी0 की धनराशि का आगणन कर संशोधित एन0पी0वी0 की अतिरिक्त धनराशि कैम्पा कोष में जमा करते हुए अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है। उक्त के कम में अवगत कराना है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्रांक 8बी0 / यू0सी0पी0 / 06 / 101 / 2017 / एफ0सी0 / 401 दिनांक 29.05.2018 के द्वारा प्रकरण पर सैद्धांतिक स्वीकृति निर्गत की गयी है परन्तु प्रस्ताव में वर्तमान तक विधिवत स्वीकृति जारी नहीं की गयी है। इसके अतिरिक्त प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक–1257 / PO दिनांक 03–06–2022 एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक–1657 / 1–41(IV) दिनांक 07–01–2022 के द्वारा निर्देशित किया गया है कि जिन प्रकरणों में Stage-I Approval जारी की जा चुकी है किन्तु 05 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी वर्तमान तक Stage-II Approval जारी नही हुई है, ऐसे प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण से नई दरों पर एन0पी0वी0 धनराशि जमा करवाने हेतु लिखा गया है। प्रकरण में सैद्धान्तिक स्वीकृति वर्ष 2018 में प्राप्त हुई है, प्रस्ताव को 05 वर्षो से अधिक समय व्यतीत होने के उपरांत भी विधिवत स्वीकृति प्राप्त नहीं की गयी, जिसके फलस्वरूप संशोधित नई दरों से निर्धारित अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि जमा की जानी होगी, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

| ईको क्लास | क्षेत्रफल (है0 में) | Stage-I तिथि | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा जमा किये गये एन0पी0वी0 धनराशि का विवरण (रू0 में) | | | वर्तमान में निर्धारित नई दरानुसार एन0पी0वी0 धनराशि का आंकलन (रू0 में) | | | जमा किये जाने वाली अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | औसत घनत्व | दर प्रति है0 | धनराशि (रू0 में) | औसत घनत्व | दर प्रति है0 | धनराशि (रू0 में) | |
| V | 1.295 | 29-05-2018 | 0.40 | 8,45,000 | 10,94,275 | 0.40 | 12,92,850 | 16,74,241 | 5,79,966 |

अतः उपरोक्त तालिका के अनुसार जमा किये जाने वाली अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि रू0 मु0 5,79,966.00 कैम्पा कोष में जमा करवाते हुए अनुपालन आख्या ऑनलाईन परिवेश पोर्टल पर एवं मूल प्रति सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

संलग्नकः–यथोपरि।

स0अ0(तृतीय)

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती।

संख्या:– / दिनांकित।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–अपर प्रमुख वन संरक्षक, एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड देहरादून।

2–वन संरक्षक, भागरथी वृत्त, उत्तरखण्ड, मुनिकीरेती।

प्रभागीय वनाधिकारी,
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती।